# BHADOHI POLICE

**प्रेस विज्ञप्ति**

**जनपद भदोही**

**दिनांक-27.02.2025**

**◆बाल श्रमिकों के रेस्क्यू हेतु श्रम विभाग व ए.एच.टी.यू. पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान**

**◆विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापेमारी के दौरान कस्बा जलालपुर भदोही स्थित कालीन बुनाई केंद्र में बाल श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे कुल-07 बालकों को कराया गया मुक्त**

**◆पृथक कराए गए बाल श्रमिकों को सीडब्ल्यूसी भदोही के समक्ष प्रस्तुत करते हुए की जा रही नियमानुसार विधिक कार्यवाही**

मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत ऑपरेशन मुक्ति (बचपन बचाओ अभियान) के तहत श्री विशाल सिंह, जिलाधिकारी भदोही व श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के संयुक्त निर्देशन में आज दिनांक-27.02.2025 को श्रम विभाग भदोही व ए०एच०टी०यू० पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कस्बा भदोही अंतर्गत रेस्क्यू कार्यवाही के दौरान जलालपुर स्थित कालीन बुनाई केंद्र कस्बा भदोही में बाल श्रमिक (कालीन बुनकरों के हेल्पर) के रूप में कार्य कर रहे कुल-07 नाबालिग बच्चों सभी की उम्र करीब 12 से 13 वर्ष के बीच को बरामद किया गया। कार्यस्थल से पृथक कराए गए बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति भदोही के समक्ष प्रस्तुत करते हुए सभी बाल श्रमिकों के आयु/ चिकित्सीय परीक्षण कराने सहित सेवायोजक के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**टीम में रहे शामिल-**

श्री जेपी सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी भदोही व श्री हरदत्त पाण्डेय प्रभारी एएचटीयू भदोही मुख्य आरक्षी रामकिशोर गुप्ता, महिला आरक्षी सुनीता यादव एवं इंद्रजीत तिवारी, मनोज पाल, दीपक मौर्य व रामविलास बिंद सदस्य टास्क फोर्स कमेटी भदोही